भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1517**

जिसका उत्तर 13.02.2025 को दिया जाना है

**सावलेश्वर गांव में फ्लाईओवर (सोलापुर-पुणे राजमार्ग)**

1517. सुश्री प्रणिती सुशीलकुमार शिंदे:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान सावलेश्वर गांव के पास सोलापुर-पुणे राजमार्ग पर कुल कितनी दुर्घटनाएं दर्ज की गईं;

(ख) सरकार किस प्रकार इस क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी समस्याओं का समाधान करने की योजना बना रही है;

(ग) सोलापुर जिले में सड़क बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वर्तमान आवंटन और सावलेश्वर में सर्विस रोड और फ्लाईओवर के निर्माण के लिए निर्धारित धनराशि क्या है; और

(घ) सावलेश्वर में सर्विस रोड और फ्लाईओवर का निर्माण शुरू करने और पूरा करने की समय-सीमा क्या है और परियोजना का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान सावलेश्वर गांव के आस-पास कुल 35 दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं।

(ख) से (घ) सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, लगभग 50 करोड़ की अनुमानित लागत वाले सर्विस रोड सहित एक अंडरपास का अनुमोदन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के पास प्रक्रियाधीन है। अनुमोदन के एक वर्ष के बाद अंडरपास के निर्माण कार्य की संभावना है।

*****